चीन और पाकिस्तान से जंग के दौरान रेलवे के मुलाजिमों ने जिस मुस्तैदी के साथ अपने फर्ज को अंजाम दिया और उस नाजुक मौके पर जो उन्होंने देश की नुमायां खिदमत की थी उसकी स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने और हमारी मौजूदा प्राइम मिनिस्टर साहिब ने बेहद तारीफ़ की थी । उन्होंने उस वक्त यह पूरी तरह से साबित कर दिया था कि रेलवे मुलाजिम कितने देशभक्त हैं । लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि आज मंत्री महोदय उनको शक की नजर से देख रहे हैं और उन पर तरह तरह की बन्दिशें लगा रहे हैं । मेरा कहना है कि सरकार को मजदूरों की जायज मांगों को नजरअन्दाज नहीं करना चाहिए और उन्हें मान लेना चाहिए क्योंकि लेबर का असन्तुष्ट रहना एक ठीक बात नहीं है और वह देश के हित में नहीं होगा ।

इंडियन आयल कारपोरेशन बम्बई में एक पब्लिक सैक्टर की अंडरटेकिंग है । क्या मंत्री महोदय और ट्रेजरी बैंचेज पर बैठने वाले माननीय सदस्यों को इस बात का

इल्म है कि वहां के मजदूरों को 14 परसैंट बोनस देने की बात सोशलिस्ट्स मान गये, कम्युनिस्ट्स मान गये, जनसंघ वाले मान गये तमाम मजदूरों की जो असासियेशंस हैं वह भी इस को मान गईं लेकिन कांग्रेसियों की जो वहां पर बनाई हुई यूनियन है वह उसे नहीं मानी ? इसलिए मैं अपनी बहन को अर्ज करना चाहूंगा कि जब वह अपोजीशन वालों को लताड़ें और जहां उनका लताड़ना जायज हो उसे हम खुशी से मानने के लिए तैयार भी हैं लेकिन क्या खुद उन्होंने भी अपने दिल पर हाथ रख कर सोचा है कि क्या उन्होंने भी अपनी जिम्मेदारी को ठीक तरह से अंजाम दिया है ? आज मेरी बहन ने अपोजीशन वालों को इसलिए लताड़ा है कि उनकी यूनियंस के कारण प्रोडक्शन में रुकावट पड़ी है और देश का नुक्सान हुआ है लेकिन मैं उन्हें बतलाना चाहूंगा कि उससे कहीं ज्यादा नुकसान पब्लिक सैक्टर में आपके अफसरों की नालायकी की वजह से हुआ है ।

यहां पर फारेन एक्सचेंज की वैस्टेज को रोकने और ज्यादा से ज्यादा उसे बचाने की भी उधर से बात की गई है तो मैं कहना चाहता हूं कि इसमें अपोजीशन के मेम्बर्स के मुकाबले कांग्रेसी मेम्बरों की ज्यादा जिम्मेदारी रही है । मैं कहने पर मजबूर हूं कि बहुत से कांग्रेसी मेम्बर्स सैर करने जाते हैं और उसमें ज्यादा फारेन एक्सचेंज खर्च आता है बमुकाबले यह जो हमारे जोशी साहब या दूसरे अपोजीशन के मेम्बर साहबान मजदूरों और कर्मचारियों के लिए बढ़ी हुई तनख्वाहों और महंगाई भत्ते आदि की बात करते हैं । मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि सरकार की कथनी और करनी में अन्तर है । कहने को आप हर जगह कहते नहीं थकते हैं कि यह जो निजी क्षेत्र के सरमायेदार हैं, पूंजीपति हैं, वह ज्यादा से ज्यादा मजदूरों का ध्यान करें, उन्हें बढ़े हुए वेतन और महंगाई भत्ते आदि की सुविधाएं दें. लेकिन जब खुद उनको इस पर अमल करना होता है तो उससे मुकर जाते हैं । क्या कभी आपके दिमाग में यह बात आई कि हमें भी लेबर की जायज मांगों को मान लेना चाहिए ? अभी की बात है कि आई० ओ० सी० ने 14 परसैंट बोनस देने का ऐलान किया, सब मजदूरों की यूनियंस ने मान लिया लेकिन आपकी कांग्रेस की यूनियन ने उसे नहीं माना । इसके अलावा मैं रेलवे मिनिस्टर साहब से पूछना चाहूंगा कि जो बोनस आई० ओ० सी० ने देने का एलान किया क्या उतना बोनस आप भी देना कबूल करेंगे ? यह रेलवेज खाली उधर से चन्द दोस्तों की या हमारी बहन श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा की नहीं है बल्कि वह सारे इस देश के हर एक भाई, बहन की है और जाहिर है कि रेलवेज में अगर नुकसान होता है तो वह सारे देश का नुकसान होता है। लेकिन नुकसान के नाम पर अगर इस तरीके से उन पर एक शक की नजर से देख कर उन पर तरह-तरह की नई, नई बंदिशें लगायी जाती हैं तो वह ग़ैरमुनासिब चीज होगी। चीन और पाकिस्तान की जंग के दौरान जिस तरीके से रेलवेज के मुलाजिमों ने, मजदूरों ने देशभक्ति का सबूत दिया, जिस तरीके से उन्होंने अपने सिर धार धड़ की बाजी लगाई, अपने काम में इतनी एफिशिएंसी दिखाई उस की तारीफ सरकार को करनी पड़ी और मुनासिब चीज यह होगी कि उनके मसले को हल करने के लिए कोई न कोई तदबीर करिये ।

जब मैं राज्य सभा में था और पंडित जी जिन्दा होते थे तो भी मैंने कहा था और आज फिर उसी बात को दोहराना चाहूंगा कि सरकार का फर्ज है कि वह मजदूरों की जायज मांगों को मंजूर करे ताकि वह और भी दिल लगा कर और मेहनत से इस देश की पैदावार को बढ़ाये । अभी परसों श्री बाजपेयी ने जिक्र किया था कि अकेले काश्मीर पर सन 47 से लेकर आज तक 300 करोड़ रुपया खर्च किया गया जब कि बख्शी साहब ने कहा कि वह तीन सौ करोड़ नहीं बल्कि डेढ़ सौ करोड़ खर्च किया गया । लेकिन वहां पर हमने क्या देखा ? हम क़ाजी पीर के दर्रे तक पहुंच गये,

[श्री अब्दुल गनी दार]

अपने हजारों जवानों को शहीद करवाया, अपने बड़े बड़े फौजी अफसरों को शहीद करवाया लेकिन उसके बाद हम बन्दूकें लेकर घर वापिस आ गये । अब मैं कहना चाहता हूंकि मेरे भाई श्री रणधीर सिंह हरियाणा के यहां पर तशरीफ रखते हैं जहां का कि मैं भी एक सिपाही हूं, चाहे वह मेरे पंजाब के भाई हों, जहां कि मैंने जन्म लिया है और चाहे वह काश्मीर हो जहां कि मेरे बाप, दादे ने जन्म लिया, लेकिन आज मेरे साथ क्या बीत रही है ? अब काश्मीरी मुझे काश्मीरी नहीं मानते, पाकिस्तान वाले मुझे मुसलमान नहीं मानते और अफसोस इस बात का है कि जिस गांधी जी का मैं आजादी की लड़ाई का सिपाही रहा, आज उधर के ट्रेजरी बैंचज पर बैठने वाले भाई मुझे गैर समझते हैं, वह मुझे हिन्दुस्तानी मानने में हिचकते हैं और मुझे यहां पर पाकिस्तान का एजेंट कहा गया । यह किस्मत की बदनशीबी नहीं तो और क्या है कि जिस अब्दुल गनी ने अपने भाई को शहीद करवाया, आजादी की खातिर अपना घर, बार और दौलत सब कुछ न्योछावर कर दी उसे पाकिस्तान का आज एजेंट कहा जाता है लेकिन मुझे उन से कोई शिकायत नहीं है :

> "जाहिदे तंगनजर ने मुझे काफिर जाना
> और काफिर यह समझता है कि मुसलमां हूं मैं ।"

खैर, मुझे किसी से इसकी शिकायत नहीं है कि आज अपने ही लोग मुझे हिन्दुस्तानी मानने से हिचकते हैं बाकी जो हकीकत है वह तो इससे खत्म नहीं हो सकती ।

मैं पुनाचा साहब से अर्ज करूंगा कि वह रेलवे के मजदूरों की जो जायज मांगें हैं उन्हें मान लें, उनकी मश्किलात को दूर करें ताकि वह दिल लगा कर मेहनत से ड्यूटी दें । मैं यह चेतावनी देना चाहता हूं कि उन्होंने अगर मुल्क की एकोनोमी को गांधी जी के कहने के मुताबिक देश की दौलत का ठीक से बंटवारा नहीं किया, अभी जो भारी आर्थिक असमानता मौजूद है और मजदूरों, छोटे कर्मचारियों और बड़े अफसरान में 1 और 100 का वेतन में अन्तर है उस भारी फर्क को खत्म नहीं किया गया तो उनका यह शासन और प्रजातन्त्र नहीं चल पायेगा और यकीन जानिये हम और आप कुत्तों की तरह सड़कों पर मरे हुए दिखाई देंगे कोई दुनिया की ताकत वैसी हालत में हमें जिन्दा नहीं रख सकती है । मैं चाहता हूं कि मेरे कांग्रेसी भाई अपोजीशन के मेम्बरों और यूनियंस के कुछ जिम्मेदार लीडरों के साथ बैठ कर इस मसले पर सोच विचार करें और कोई मुनासिब हल निकालें । आज हम दुनिया भर के मकरूज हैं और हमने अपने देश को हर मुल्क के पास गिरवी रख दिया है । अगर आप चाहते हैं कि यह देश तरक्की करे, इस देश का प्रोडक्शन बढ़े तो आपको अपोजीशन के लीडर्स और यूनियंस के जिम्मेदार लीडरों को अपने पास बुला कर उनके साथ बैठ कर तबादला खयालात करें अपने मेजर्स के बारे में उन्हें कन्विंस करें तब उन्हें इसे पास कराने में भी कोई दिक्कत नहीं होगी और साथ ही उनका उसमें कोआपरेशन भी मिल सकेगा । पुनाचा साहब से मेरी यह भी अर्ज है कि वह चाहे इंन ड्राइवर हो, खलासी हो या रेलवे का गार्ड हो उनकी देश-भक्ति के बारे में किसी तरह का भी शक अपने मनमें नहीं आने देना चाहिए । सारे रेलवे कर्मचारी यकीनी तौर पर देशभक्त हैं और इसलिए वह जो भी मेजर्स पास कराना चाहे उन्हें साफ तरीके से फ्रंट डोर से लायें इस तरह से आर्डिनेंस पास करा कर बैकडोर से कानून न पास करवायें । अगर वह चाहते है कि मेरे जैसे मेम्बर को उन्हें सपोर्ट मिले, मैं यहां पर दायें और बायें बाजू वालों को हरा कर एक आजाद उम्मीदवार की हैसियत से चुन कर आया हूं तो उन्हें इस तरह से बैकडोर से इसे नहीं करना चाहिए था । मैं अपनी बहन को और उधर के दोस्तों को अपील करना चाहता हूं कि वह ठंडे दिल से सोचें कि

आखिर आज क्या हालत उनकी हो गई है ? कल तक जिस गांधी जी और कांग्रेस के नाम पर देश के किसी भी कोने से एक गरीब से गरीब आदमी एक राजा और रईस के मुकाबले में जीत जाया करता था, जिस कांग्रेस का नाम सुनते ही बड़ों-बड़ों के पांव कांप जाया करते थे, आज यह हालत हो गई है कि उसी कांग्रेस को केवल 39 परसेंट वोट्स मिले हैं और मैं अपने दोस्तों को चेतावनी देना चाहूंगा कि अगर अब भी वह नहीं संभले और उन्होंने अपने को नहीं सुधारा तो उन्हें और भी बुरा दिन देखने को मिलने वाला है क्योंकि आज तो अपोजीशन पार्टीज अलग अलग काम कर रही हैं, उनका हक़ीकत में कोई युनाइटेड फ्रंट नहीं है लेकिन आगे चल कर उनकी समझ में आयेगा और वह आप के मुकाबले में एक में संगठित होकर खड़ी हो जायेंगी । मैं श्री पुनाचा से अदब के साथ अर्ज करना चाहता हूं कि वह इस बिल को पास कराने का इसरार करने के बजाय यूनियन वालों को बुला लें और उनके साथ बैठ कर कोई एक रास्ता निकालें । इस तरह गोलियां चला कर और नौकरियों से बर्खास्त कर के उन गरीब कर्मचारियों को बरबाद करना और उनके परिवारों को बर्बाद करना न तो आपके हित में है और न ही वह देश के हित में है। कांग्रेस की खोई हुई इज्जत गांधी जी के बतलाये हुए रास्ते पर चलने में ही हासिल हो सकती है और मुझे यकीन है कि चाहे वह जोशी साहब हों चाहे और कोई कम्युनिस्ट भाई हों अगर आप उनका सहयोग हासिल करेंगे तो वह आपसे मिल कर काम करने में इंकार नहीं करेंगे और वह आपको फिर प्यार करेंगे । आपके साथ चलने में फख्र करेंगे, लेकिन अगर यहाँ राजे-रजवाड़ों का ही राज्य रहा तो आप मेरे कहने पर मेरी बहन खफा न हों कि :

Munde Kuriya da Jhund yara katha ho gya Hakumat da chalanaki thatha ho gya.

Is it a joke to run the Government?

यह कोई मजाक नहीं है ।

> जहाँबानी से है दुश्वार कारे जहाँबीनीं
> जिगरखूं हो तो चश्मे दिल में होती है
> नजर पैदा ।

खुदा के लिये आप अपने दिलों पर हाथ रख कर सोचिये । आप एक बिल नहीं दस बिल पास कीजिये, लेकिन मैं अर्ज करना चाहता हूं कि बजाय इस बिल के रखने के कोई न कोई रास्ता निकालें । सदर साहब आप हमारे भी सदर रहे हैं और मैं आपका वालेंटियर रहा हूं । मैं आपके द्वारा मिनिस्टर साहब से दरख्वास्त करता हूं कि वह कोई रास्ता निकालें । हमारे श्री जोशी वही जोशी हैं जिन्होंने वतन के लिये बरसहा बरस कैद काटी है, बड़े मुहब्बे वतन रहे हैं । अपोजीशन वालों में भी अगर सैकड़ों नहीं तो दर्जनों भाई ऐसे हैं, अगर आप खफा न हों, आप से कहीं ज्यादा कैद काटी है । मेरा यक़ीन है कि बहुत कम आदमी ऐसे होंगे जिन्होंने मेरी तरह अपने खान्दान से तीन जानें दी होंगी। मैं ने 21 बरस से गोलियां खाई हैं । सोलह बरस से मुस्लिम लीग की गालियां खाता रहा, वह जूते लगाते रहे, महाशय कहते रहे और 21 बरस से कांग्रेस वालों की गालियां खा रहा हूँ । लेकिन मुझे न उनका दुःख था और न इनका दुःख है । मैं दोनों को अंगूठा दिखलाता हूं क्योंकि मैं सब बात कहता हूं । मैं फिर वही बात कहूंगा जो पिछले साल 9 तारीख को कही थी। आप बगैर उनसे कोई बात तय किये हुए कोई रास्ता निकालिये । अगर आप ऐसा रास्ता अख्त्यार नहीं करेंगे तो यकीनन हुकूमत का पहिया जाम होगा, वह चलेगा नहीं । देश का नुकसान होगा, लेकिन इस में आप का पहिया भी जाम होगा, मेरा भी होगा और पार्लियामेंट के मेम्बरों का भी जाम होगा, और बाहर देख लीजियेगा कि कुत्तों की तरह मरे पड़े होंगे ।

شری عبدالغنی ڈار - (گڑگاؤں) :
ڈپٹی سپیکر صاحب - پہلے ٹائم جب
تو سسٹم کو ایک عام ہوتا تھا

[شری عبدالغنی ڈار]

چرچا ہو رہا تھا تو میں نے اپوزیشن والے بھائیوں سے درخواست کی تھی کہ اگر آپ یہ کہتے ہیں کہ یہ سرکار بھسم ہو جائے گی تو میں نے کہا تھا کہ ڈیموکریسی کہاں رہے گی؟ ڈیموکریسی بھی بھسم ہو جائے گی - دوسری بات جو میں نے اپوزیشن والے بھائیوں سے عرض کی تھی وہ یہ تھی کہ ایک طرف آپ کہتے ہیں کہ چین اور پاکستان سے خطرہ ہے کہ وہ ہندوستان کو پریشان نہ کرے - سیبوتوبج نہ کرے تو پھر اگر یہ پہیہ جام ہو جائے گا تو چین اور پاکستان کے لئے تو آسانی ہو جائے گی - میں شکر گزار ہوں اپوزیشن والے بھائیوں کا کہ انہوں نے اس سرکار کی بات کو اچھے طور پر اس وقت ٹال دیا - اور یہ چاہا کہ کسی طرح یونین گورنمنٹ جو ہے وہ سمجھ پائے اور جو خود بھی کمیشن مقرر کرتی ہے وہ جو فیصلے کرتے ہیں ان کی روشنی میں سینٹرل ایمپلائز کو خاص طور پر جو بیچارے غریب ہیں - چھوٹی تنخواہ پانے والے ہیں ان کی بات سن پائے -

اب یہ پھر انیس ستمبر کا چرچا چلا - سب جانتے ہیں کہ ایک سال تک اپوزیشن والوں نے اس کو روکے رکھا - یا ملازمین نے اپنی دل سے اس کو پوسٹپون کیا جس کو کریڈٹ دینا چاہیں دے لیجئے - مجھے کوئی اعتراض نہیں - لیکن اسپیکر صاحب جہاں میرے بھائی جارج فرنینڈیز کہتے ہیں کہ وہ دھیان نہیں دیتے وہاں اپنی طرف بھی کچھ کہیں - شری سنہا جی بہت بولے بہت انہوں نے نقصان گنائے اور انہوں نے کہا کہ ایک ہی پبلک سیکٹر میں کئی گنا زیادہ نقصان آپ لوگوں نے کیا اپنی آل پلاننگ سے اور نالائق افسروں کو رکھ کر - کیونکہ وہ یونین پبلک سروس کمیشن کے پرویو میں نہیں ہیں - ان کو لگا کر کروڑوں کا نقصان کیا ہے اور اگر میں یہ کہوں کہ اس سے کہیں زیادہ آپ کے منسٹروں نے فارین ایکسچینج یوں ہی یورپ اور امریکہ کی سیر کرنے کے لئے خرچ کیا ہے تو کوئی غلط نہ ہو گا -

سوال یہ پیدا ہوتا ہے کہ جتنا ریوینیو آئے اس کے مطابق خرچ کیا جائے - میں آپ کے دوارہ اپنی سرکار سے پوچھنا چاہتا ہوں کہ ریلوے کے افسروں کے سیلون پر کتنا خرچ ہوتا ہے - میں منسٹروں کی نہیں کہتا - ریلوے کے جو معمولی سے معمولی افسر ہیں انکی بوگی چلتی ہے اس پر سال میں کتنا خرچ ہوتا ہے - پارلیمنٹ کے ممبر دیش بھر میں سب سے زیادہ عزت کے پاتر

سمجھے جاتے ہیں اس لئے کہ انہیں دس لاکھ بھائی بہن چن کر بھیجتے ہیں - ان کو ایجیٹیشن کی اجازت نہیں - پیسہ دیں تو سفر کریں - لیکن معمولی سے معمولی افسروں کو اجازت کیسے کہ وہ ایجیٹیشن میں جائیں - ٹھیک ہے سرکار نے ایسا کیا مجھے کوئی اس میں زیادہ کہنا نہیں ہے - اس لئے کہ سرکار مالک ہے اور ہم ملازم ہیں بھائی -

لیکن میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ کیا کبھی انہوں نے غور کیا کہ وہ پارلیامنٹ کے ممبروں کی توہین کیوں کرتے ہیں - معمولی افسروں کو اجازت دے دیں اور اس کے مقابلے پارلیامنٹ کے ممبروں کو جنہیں کہ آخر ۱۰ لاکھ لوگ چن کر یہاں بھیجتے ہیں انہیں اٹھا کر دیکھا یہ چیز کہاں تک مناسب ہے -

میں عرض کرنا چاہتا ہوں کہ ریل ملٹری میوٹنی کو اس طرح کا آرڈیننس لانے کی ایسی کیا ضرورت تھی کیونکہ انہیں پتہ ہی معلوم تھا کہ پارلیامنٹ تھوڑے ہی دنوں کے بعد بیٹھنے والی ہے - اس بارے میں میں شری سورج بھان کی حمایت کرتا ہوں کہ پناچا صاحب میں ہمت ہوتی تو وہ اس ہاؤس کے سامنے ایسا میژر منظوری کے لئے لاتے اور اس طرح سے بیک ڈور سے آرڈیننس پاس نہ کروا لیتے - ویسے بھی وہ اپنی طاقت

کے بل پر کوئی بھی چیز یہاں سے پاس کروا سکتے تھے ورنہ وہ ہاؤس کے سامنے قاعدے سے اسے لاتے - ہاؤس میں اس کے لئے اپیل کرتے اور ملٹری میوٹنی ہمارے دماغوں کو چھو سکتے تھے اور اپنی بات کہہ کر ہمارے دلوں پر بھی قبضہ کر سکتے تھے اور یہ بتلا سکتے تھے کہ یہ ہماری مجبوریاں ہیں اور اس لئے گورنمنٹ کو ہاؤس یہ پاورس دے - اگر پناچا صاحب ہاؤس کو کنونس کرا دیتے تو ہاؤس سے انہیں یونینیمس سپورٹ اس چیز کے لئے مل سکتی تھی اور یہ ہاؤس خوشی خوشی انہیں وہ ادھیکار دے بھی سکتا تھا - لیکن مجھے افسوس ہے کہ سرکار نے جو ایک معقول راستہ اسے اس بارے میں اپنانا چاہئے تھا وہ نہیں اپنایا اور بیک ڈور سے آرڈیننس پاس کروا کر اب اسی کو قانونی روپ دلوا رہی ہے -

چین اور پاکستان سے جنگ کے دوران ریلوے کے ملازموں نے جس مستعدی کے ساتھ اپنے فرض کو انجام دیا اور اس نازک موقعے پر جو انہوں نے دیش کی نمایاں خدمت کی تھی اس کی سورگیہ لال بہادر شاستری نے اور ہماری موجودہ پرائم منسٹر صاحبہ نے بیحد تعریف کی تھی - انہوں نے اس وقت یہ پوری طرح سے ثابت کر دیا تھا کہ ریلوے ملازم کتنے دیش بھگت ہیں - لیکن افسوس کے ساتھ کہنا

[شری عبدالغنی ڈار]

پڑ رہا ہے کہ آج ملٹری مینڈیٹ ان کو شک کی نظر سے دیکھ رہے ہیں اور ان پر طرح طرح کی بندھن لگا رہے ہیں - میرا کہنا ہے کہ سرکار کو مزدوروں کی جائز مانگوں کو نظر انداز نہیں کرنا چاہئیے اور انہیں مان لینا چاہئیے کیونکہ لیبر کا اسٹیٹمنٹ رہنا ایک ٹھیک بات نہیں ہے اور وہ دیش کے ہت میں نہیں ہوگا۔

انڈین آئل کارپوریشن بمبئی میں ایک پبلک سیکٹر کی انڈرٹیکنگ ہے۔ کیا ملٹری مینڈیٹ اور ٹریژری بینچز پر بیٹھنے والے ماننیہ سدسیوں کو اس بات کا علم ہے کہ وہاں کے مزدوروں کو ۱۴ پرسینٹ بونس دینے کی بات سوشلسٹس مان گئے - کمیونسٹس مان گئے - جن سنگھ والے مان گئے - تمام مزدوروں کی جو وہاں ایسوسی ایشنس ہیں وہ بھی اس کو مان گئیں لیکن کانگریسیوں کی جو پر بھائو ہوئی یونین ہے وہ اسے نہیں مانی - اسلئے میں اپنی بہن کو عرض کرنا چاہونگا کہ جب وہ اپوزیشن والوں کو لتاڑیں اور جہاں ان کا لتاڑنا جائز ہو اسے ہم خوشی سے ماننے کے لئے تیار بھی ہیں لیکن کہ خود انہوں نے بھی اپنے دل پر ہاتھ رکھ کر سوچا ہے کہ کیا انہوں نے بھی اپنی ذمہ داری کو ٹھیک طریقے سے انجام

دیا ہے - آج میری بہن نے اپوزیشن والوں کو اس لئے لتاڑا ہے کہ ان کی یونینس کے کارن پروڈکشن میں رکاوٹ پڑی ہے اور دیش کا نقصان ہوا ہے لیکن میں انہیں بتلانا چاہونگا کہ اس سے کہیں زیادہ نقصان پبلک سیکٹر میں آپ کے افسروں کی نالائقی کی وجہ سے ہوا ہے -

یہاں پر فارین ایکسچینج کی ویسٹیج کو روکنے اور زیادہ سے زیادہ اسے بچانے کی بھی ادھر سے بات کی گئی ہے تو میں کہنا چاہتا ہوں کہ اس میں اپوزیشن کے ممبرس کے مقابلے کانگریسی ممبروں کی زیادہ ذمہ داری رہی ہے - میں کہنے پر مجبور ہوں کہ بہت سے کانگریسی ممبر، سیر کرنے جاتے ہیں اور اس میں زیادہ فارین ایکسچینج خرچ آتا ہے بمقابلے یہ جو ہمارے جوشی صاحب یا دوسرے اپوزیشن کے ممبر صاحبان مزدوروں اور کرمچاریوں کے لئے بڑھی ہوئی تنخواہوں اور مہنگائی بھتے آدی کی بات کرتے ہیں - مجھے بڑے افسوس کے ساتھ کہنا پڑ رہا ہے کہ سرکار کی کہنے اور کرنے میں انتر ہے - کہنے

آپ ہر جگہ کہتے نہیں تھکتے ہیں کہ یہ جو نجی چھیتر کے سرمائے دار ہیں - پونجی پتی ہیں - وہ زیادہ سے زیادہ مزدوروں کا دھیان کریں انہیں

بڑھتے ہوئے ویتن اور مہنگائی بھتے آدی کی سویدھائیں دیں لیکن جب خود ان کو اس پر عمل کرنا ہوتا ہے تو اس سے مکر جاتے ہیں - کیا کبھی آپ کے دماغ میں یہ بات آئی کہ ہمیں بھی لیبر کی جائز مانگوں کو مان لینا چاہیئے - ابھی کی بات ہے کہ آئی او سی نے ۱۴ پرسینٹ بونس دینے کا اعلان کیا سب مزدوروں کی یونینس نے مان لیا لیکن آپ کی کانگریس کی یونین نے اسے نہیں مانا - اس کے علاوہ میں ریلوے منسٹر صاحب سے پوچھنا چاہوں گا کہ جو بونس آئی او سی نے دینے کا اعلان کیا اتنا بونس آپ بھی دینا قبول کریں گے - یہ ریلویز خالی ادھر کے چند دوستوں کی یا ہماری بہن شریمتی تارکیشوری سنہا کی نہیں ہے بلکہ وہ اس دیش کے ہر ایک بھائی - بہن کی ہے اور ظاہر ہے کہ ریلویز میں اگر نقصان ہوتا ہے تو وہ سارے دیش کا نقصان ہے لیکن نقصان کے نام پر اگر اس طریقے سے ان پر ایک شک کی نظر سے دیکھ کر ان پر طرح طرح کی نئی - نئی بندشیں لگائی جاتی ہیں تو وہ غیر مناسب چیز ہوگی - چین اور پاکستان کی جنگ کے دوران جس طریقے سے ریلویز کے ملازموں نے دیش بھگتی کا ثبوت دیا جس طریقے سے انہوں نے اپنے سر اور دھڑ کی بازی لگائی اپنے کام میں اتنی ایفیشنسی دکھائی اس کی تعریف سرکار کو کرنی پڑی اور مناسب چیز یہ ہوگی کہ ان کے مسئلے کو حل کرنے کے لئے کوئی نہ کوئی تدبیر کریئے -

جب میں راج سبھا میں تھا اور پنڈت جی زندہ ہوتے تھے تو بھی میں نے کہا تھا اور آج پھر ایسی بات کو دہرانا چاہوں گا کہ سرکار کا فرض ہے کہ وہ مزدوروں کی جائز مانگوں کو منظور کرے تاکہ وہ اور بھی دل لگا کر اور محنت سے اس دیش کی پیداوار کو بڑھائیں - ابھی پرسوں شری واجپئی نے ذکر کیا تھا کہ اکیلے کشمیر پر سنہ ۴۸ سے لیکر آج تک ۳۰۰ کروڑ روپیہ خرچ کیا گیا جبکہ بخشی صاحب نے کہا کہ وہ تین سو کروڑ نہیں بلکہ تیرہ سو کروڑ خرچ کیا گیا - لیکن وہاں پر ہم نے کیا دیکھا - ہم حاجی پیر کے درے تک پہنچ گئے اپنے ہزاروں جوانوں کو شہید کروایا - اپنے بڑے بڑے فوجی افسروں کو شہید کروایا لیکن اس کے بعد ہم بندوقیں لیکر کے واپس آ گئے - اب میں کہنا چاہتا ہوں کہ میرے بھائی شری رندھیر سنگھ ہریانے کے یہاں پر تشریف رکھتے ہیں کہوں گا کہ میں بھی ایک سپاہی ہوں چاہے وہ میرے پنجاب کے بھائی ہوں جہاں کہ میں نے جنم لیا ہے اور چاہے وہ کشمیر ہو جہاں کہ میرے باپ دادا نے جنم لیا لیکن آج میرے ساتھ کیا بیت رہی ہے - اب کشمیری ہندو کشمیری نہیں مانتے - پاکستان والے مجھے مسلمان نہیں مانتے اور افسوس اس بات کا

[شری عبدالغنی ڈار]

ہے کہ جس گاندھی جی کا میں آزادی کی لڑائی کا سپاہی رہا آج ادھر کے ٹریژری بینچیز پر بیٹھنے والے بھائی مجھے غیر سمجھتے ہیں وہ مجھے ہندوستانی ماننے سے جھجکتے ہیں اور مجھے یہاں پر پاکستان کا ایجنٹ کہا گیا - یہ قسمت کی بدنصیبی نہیں تو اور کیا ہے کہ جس عبدالغنی نے اپنے بھائی کو شہید کروایا - آزادی کی خاطر اپنا گھر بار اور دولت سب کچھ نیوچھاور کر دی اسے پاکستان کا آج ایجنٹ کہا جاتا ہے لیکن مجھے ان سے کوئی شکایت نہیں ہے -

ادھر تنگ نظر نے مجھے کافر جانا اور کافر یہ سمجھتا ہے کہ مسلمان ہوں میں -

پھر مجھے کسی سے اس کی شکایت نہیں ہے کہ آج ایسے ہی لوگ مجھے ہندوستانی ماننے سے ہچکتے ہیں باقی جو حقیقت ہے وہ تو اس سے ختم نہیں ہو سکتی -

میں پناچا صاحب سے عرض کرونگا کہ وہ ریلوے کے مزدوروں کی جو جائز مانگیں ہیں انہیں مان لیں ان کی مشکلات کو دور کریں تاکہ وہ دل لگا کر محنت سے ڈیوٹی دیں - میں یہ چیتاونی دینا چاہتا ہوں انہوں نے اگر ملک کی ایکونامی کو گاندھی جی کے کہنے کے مطابق نہیں کی دولت کا ٹھیک سے بٹوارا نہیں کیا ابھی جو بھاری آرتھک اسمانتا موجود ہے اور مزدوروں - چھوٹے کرمچاریوں اور بڑے افسران میں ایک اور سو کا ویتن میں انتر ہے اس بھاری فرق کو ختم نہیں کیا تو ان کا یہ شاسن اور پرجاتنتر چل نہیں پائیگا اور یقین جانئے ہم اور آپ کتوں کی طرح سڑکوں پر مرے ہوئے دکھائی دینگے کوئی دنیا کی طاقت ایسی حالت میں ہمیں زندہ نہیں رکھ سکتی ہے - میں چاہتا ہوں کہ میرے کانگریسی بھائی اپوزیشن کے ممبروں اور یونینز کے کچھ ذمہ دار لیڈروں کے ساتھ بیٹھ کر اس مسئلے پر سوچ وچار کریں اور کوئی مناسب حل نکالیں - آج ہم دنیا بھر کے مقروض ہیں اور ہم نے اپنے دیش کو ہر ملک کے پاس گروی رکھ دیا ہے - اگر آپ چاہتے ہیں کہ یہ دیش ترقی کرے اس دیش کا پروڈکشن بڑھے تو آپ کو اپوزیشن کے لیڈرس اور یونینز کے ذمہ دار لیڈروں کو اپنے پاس بلا کر ان کے ساتھ بیٹھ کر تبادلہ خیالات کریں - اپنے ممبرس کے بارے میں انہیں کنونس کریں تب انہیں اسے پاس کرانے میں بھی کوئی دقت نہیں ہوگی اور ساتھ ہی ان کا اس میں کوآپریشن بھی مل سکیگا - پناچا صاحب سے میری یہ بھی عرض ہے کہ وہ چاہے انجن ڈرائیور ہوں خلاصی ہو یا

ریلوے کا گارڈ ہو ان کی دیش بھکتی
کے بارے میں کسی طرح کا بھی شک
اپنے من میں نہیں آنے دینا چاہئے -
سارے ریلوے کرمچاری پچھلی طور پر
دیش بھکت ہیں اور اس لئے وہ جو
بھی میمورس پاس کرانا چاہیں انہیں
صاف طریقے سے فرنٹ ڈور سے لائیں
اس طرح سے آرڈیننس پاس کرا کر
بیک ڈور سے قانون نہ پاس کروائیں -
اگر وہ چاہتے ہیں کہ میرے جیسے
ممبر کی انہیں سپورٹ ملے - میں
یہاں پر دائیں اور بائیں بازو والوں
کو ہرا کر ایک آزاد امیدوار کی
حیثیت سے چن کر آیا ہوں تو انہیں
اس طرح سے بیک ڈور سے اسے نہیں
کرنا چاہئے تھا - میں اپنی بہن
کو اور ادھر کے دوستوں کو
اپیل کرنا چاہتے ہوں کہ وہ ٹھنڈے دل
سے سوچیں کہ آخر آج کیا حالت ان
کی ہو گئی ہے - کل تک جس گاندھی
جی اور کانگریس کے نام پر دیش کے
کسی بھی کونے سے ایک غریب سے
غریب آدمی ایک راجہ اور رئیس کے
مقابلے میں جیت جایا کرتا تھا -
جس کانگریس کا نام سنتے ہی بڑوں
بڑوں کے پاؤں کانپ جایا کرتے تھے آج یہ
حالت ہوئی کہ اسی کانگریس کو
کیول ۳۹ پرسنٹ ووٹ ملے ہیں اور
میں اپنے دوستوں کو چیتاونی دینا
چاہوں گا کہ اگر اب بھی وہ نہیں
سنبھلے اور انہوں نے اپنے کو نہیں سدھارا
تو انہیں اور بھی برا دن دیکھنے کو
ملنے والا ہے کیونکہ آج تو اپوزیشن پارٹیز
الگ الگ کام کر رہی ہیں ان کا
حقیقت میں کوئی یونائٹڈ فرنٹ
نہیں ہے لیکن آگے چل کر ان کی
سمجھ میں آئیگا اور وہ آپ کے مقابلے
میں سنگٹھت ہو کر کھڑی ہو جائینگی -
میں شری پناچا سے ادب کے ساتھ
عرض کرنا چاہتا ہوں کہ وہ اس بل کو
پاس کرانے کا اصرار کرنے کے بجائے یونین
والوں کو بلا لیں اور ان کے ساتھ بیٹھ کر
وہ ایک راستہ نکالیں - اس طرح
گولیاں چلا کر اور نوکریوں سے برخاست کر
کے ان غریب کرمچاریوں کو برباد کرنا
اور ان کے پریواروں کو برباد کرنا نہ تو
آپ کے ہت میں ہے اور نہ ہی وہ
دیش کے ہت میں ہے - کانگریس کی
کھوئی ہوئی عزت گاندھی جی کے بتلائے
ہوئے راستے پر چلنے سے ہی حاصل ہو
سکتی ہے اور مجھے یقین ہے کہ چاہے
وہ جوشی صاحب ہوں چاہے اور کوئی
کمیونسٹ بھائی ہوں اگر آپ ان کا
سہیوگ حاصل کرینگے تو وہ آپ سے مل
کر کام کرنے میں انکار نہیں کرینگے اور
وہ آپ کو پھر پیار کرینگے -

آپ کے ساتھ چلنے میں فخر
کریں گے - لیکن اگر یہاں راجے رجواڑوں
کا ہی راج رہا تو میرے کہنے پر
میری بہن خفا نہ ہوں کہ—

Munde Kuria de jhund yara katha ho gya.

[شری عبدالغنی ڈار]

Hakuma da chalana ki thatha ho gya

Is it a joke to run the Government?

یہ کوئی مذاق نہیں ہے -

جہانبانی سے ہے دشوار کارِ جہاں بینی -
جگر خوں ہو تو چشمِ دل میں ہوتی ہے نظر پیدا -

خدا کے لئے آپ اپنے دلوں پر ہاتھ رکھ کر سوچئے - آپ ایک بل نہیں دس بل پاس کیجئے - لیکن میں عرض کرنا چاہتا ہوں کہ بجائے اس بل کے رکھنے کے کوئی نہ کوئی راستہ نکالیں - صدر صاحب آپ ہمارے بھی صدر رہے ہیں اور میں آپ کا والنٹیر رہا ہوں - میں آپ کے دوارا منسٹر صاحب سے درخواست کرتا ہوں کہ وہ کوئی راستہ نکالیں - ہمارے شری جوشی وہی جوشی ہیں جنہوں نے وطن کے لئے برسہا برس قید کاٹی ہے - بڑے محب وطن رہے ہیں - اپوزیشن والوں میں بھی اگر سینکڑوں نہیں تو درجنوں بھائی ایسے ہیں - اگر آپ خفا نہ ہوں - آپ سے ہم میں زیادہ قید کاٹی ہے - میرا یقین ہے کہ بہت کم آدمی ایسے ہوں گے جنہوں نے میری طرح اپنے خاندان سے تین جانیں دی ہوں گی - میں نے ۲۱ برس سے گالیاں کھائی ہیں - سولہ برس سے مسلم لیگ کی گالیاں کھاتا رہا - وہ جوتے لگاتے رہے - سہاتے کھاتے رہے اور ۲۱ برس سے کانگریس والوں کی گالیاں کھا رہا ہوں - لیکن مجھے نہ ان کا دکھ تھا اور نہ ان کا دکھ ہے - میں دونوں کو انگوٹھا دکھلاتا ہوں کیونکہ میں سچ بات کہتا ہوں - میں پھر وہی بات کہوں گا جو پچھلے سال ۹ تاریخ کو کہی تھی - آپ بغیر ان سے کوئی بات طے کئے ہوئے کوئی راستہ نکالئے - اگر آپ ایسا راستہ اختیار نہیں کریں گے تو یقیناً حکومت کا پہیہ جام ہوگا - وہ چلے گا نہیں - دیش کا نقصان ہوگا - لیکن اس میں آپ کا بھی پہیہ جام ہوگا - میرا بھی ہوگا اور پارلیامنٹ کے ممبروں کا بھی جام ہوگا - اور باہر دیکھ لیجئےگا کہ کتوں کی طرح مرے پڑے ہوں گے -]

SHRI SAMINATHAN* (Gopichettipalayam): Mr Speaker, Sir, on behalf of the Dravida Munnetra Kazhagam, I wish to express our deep resentment at and protest against the Indian Railways (Amendment) Bill which has been brought forward by the hon. Railway Minister. I wish to express our deepest resentment and protest to this measure at the outest. The reason for this, Sir, is that there are certain basic fundamental rights which have been enshrined in our constitution, which have been guaranteed by the constitution, but which are being taken away by this measure. So many lakhs of employees are affected by this measure. Under the proposed amendment 100A, if the employee refuses to do the work he will be awarded 2 years imprisonment and fine of Rs. 500. Both punishments will be given. According to the amendment 100B, if a railway servant, when on duty or otherwise, obstructs any train or if he engages in a strike, he shall be punishable with imprisonment for a term which may extend to two years, or with fine which may

*The original speech was deliveredin Tamil.

extend to five hundred rupees, or with both.

Sir, if the Railway servants engaged in unlawful activities, the Railway Act itself has got ample provisions to deal with them. In the Nineth chapter, there are already powers enumerated to deal with which unawful activities and such powers are existing already. Those powers are quite sufficient to deal with such situations. Therefore, these amendments which have been brought forward by Clauses 100A and 100B appears unnecessary.

For so many years, so many lakhs of railway employees have been pressing various just demands, but this Government has not cared to redress those genuine demands. The Railway Board and the Railway Minister have not taken any steps to redress their just and genuine grievances. No steps have been taken by this Government so far to accede to their legitimate demands. The right path of wisdom on the part of the Government would be to use their goodwill and labour for constructive activities and not to curb their activities by more and more powers being taken by the amending Bills of this nature. By such amendments, by such powers, no solution will be found. There is no use of having such amendments. There have been various amendments which have been brought forward from time to time. But I wish to bring to the notice of the hon. Minister that is is only by giving consideration for the needs of labour and by enlisting their goodwill that they can do things and not by curbing the activities of labour by assuming more and more powers. There are various categories of railway employees, who are working in the loco sheds, who are working as gang coolies, ticket collectors, station masters etc. There are various just and reasonable demands which have been voiced by these and other categories of workmen in the Raiways. But, it is only the advice of the big bureaucrats who earn thousands of rupees in the Railway Ministry which is taken by the Railway Minister, and not the just and reasonable requests of lakhs and lakhs of ordinary railway employees. Instead of thinking on the lines of appointing a Commission for the purpose of examining the ways and means of avoiding accidents and how to increase more and more amenities for the travelling public they are putting more and more restrictions on the workmen. The Railway fares are unduly high and they are beyond the capacity of the people to pay. In order to find out how the fares could be reduced, they could appoint a Commission. The Commission may also go into the matter of giving better amenities for the travelling public and removal of the just and reasonable grievances of railwaymen. Their just and reasonable demands should be taken into consideration and needful done by the Government for their redresseal. Instead of that, the Government is bent upon encouraging On the part of the employees feelings of ill-will and hatred towards the Government. There is no wisdom in such a step. I am not able to understand this step on the part of the Government.

Since many lakhs of railway employees are affected by this Amending Bill, and since already there are enough powers under the Government, I, on behalf of the DMK party, express my emphatic protest against this measure. I request that the hon. Railway Minister should withdraw this Bill. Thank you.

श्री एस० एम० जोगी (पूना) : मैं एक प्रार्थना करना चाहता हूं । अध्यक्ष महोदय, आप ने माननीय सदस्य को अपनी भाषा में बोलने का अधिकार दिया है । वह बहुत थोड़ा बोले हैं । अगर उसी समय उनकी स्पीच की अंग्रेजी करने की व्यवस्था कर दी जाय तो सब लोग उसको समझ सकेंगे ।

अध्यक्ष महोदय : कल ट्रांस्लेशन मिलेगा, आज नहीं ।

श्री एस० एम० जोशी : अगर अभी हो सकता . . .

अध्यक्ष महोदय : अभी नहीं हो सकता है ।

श्री एम० एम० जोशी : अगर आप चार आदमी रख लें तो हो सकता है, इसके लिये आप को कुछ आदमियों को नौकरी में रखना चाहिये ।

MR. SPEAKER: You can discuss it with me. If it is possible, not 4 people, even 10 people I am prepared to employ. We have examined it and it is not so easily possible.

श्री नवल किशोर शर्मा (दौसा) : अध्यक्ष महोदय, आज यह सदन रेलवे संशोधन विधेयक पर विचार कर रहा है । इस विधेयक के सम्बन्ध में अभी बहुत से माननीय सदस्य ने बहस में भाग लेते हुए बहुत सी बातें कहीं । कुछ सदस्यों ने रेल के मजदूरों की क्या दिक्कतें हैं और रेलवे स्ट्राइक के बारे में सरकार द्वारा जो कदम उठाये गये हैं क्या उनमें पुलिस द्वारा ज्यादती की गई, इस तरफ ध्यान दिलाया, कुछ दूसरे सम्मानित सदस्यों ने अपनी कहानी सुनाई । पर मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि यह संशोधन एक साधारण सा संशोधन है फिर भी इसका विरोध बहुत जोर शोर से किया जा रहा है ; मेरी मान्यता में इसके विरोध के पीछे राजनीतिक कारण प्रमुख हैं ।

यह विधेयक जो रेलवे अध्यादेश का स्थान ले रहा है, ऐसे मौके पर आ रहा है जबकि रेलवे अध्यादेश सरकार को मजबूर होकर जारी करना पड़ा, उस समय पर जब सरकार के सामने स्ट्राइक वालों के लिये सहानभति का कोई रास्ता नहीं रहा, जब समझ बूझ की सारी बात खत्म हो गई, और सरकारी श्रमिक, रेलवे के मजदूर कुछ राजनीतिक नेताओं की हाथ की कठपुतली बन कर इस बात के लिये तैयार हो गये कि वे 19 सितम्बर को हड़ताल करेंगे ।

इस बारे में बहुत कुछ कहा जा सकता है और कहा गया है । सरकार ने यह अध्यादेश ऐसे मौके पर जारी किया जब पार्लियामेंट सेशन में नहीं थी और ऐसे मौके पर सरकार को यह अध्यादेश जारी नहीं करना चाहिये था । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अध्यादेश जारी करने के लिये समय ही तब होता है जब पार्लियामेंट का सेशन नहीं होता है । अगर पार्लियामेंट का सेशन होता तो अध्यादेश की जरूरत नहीं थी ।

अध्यक्ष महोदय, दुर्भाग्य इस बात का है कि स्ट्राइक करवाने वाले नेताओं ने ऐसे मौके पर स्ट्राइक करने की योजना बनाई जबकि समझ बूझ के सारे रास्ते बन्द हो गए थे । इस वास्ते सरकार को मजबूर होकर इस अध्यादेश का सहारा लेना पड़ा । चूंकि इस अध्यादेश की वजह से कर्मचारियों की हड़ताल असफल हो गई इस वास्ते इस सफलता से चिन्तित होकर और इनके बहकावे में जो चन्द कर्मचारी आ गए उनको सहारा देने के लिए उनको सन्तोष देने के लिए आज इस सदन में बार बार यह दलील पेश की जाती है कि इस अध्यादेश के जरिये से सरकार श्रमिक कानून को अपने हाथ में ले रही है, श्रम संगठनों को खत्म करना चाहती है और सरकार श्रमिकों की सुविधायें की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है ।

अध्यक्ष महोदय, इस अध्यादेश का मतलब क्या था ? क्योंकर यह अध्यादेश जारी किया गया ? क्या ऐसे मौके पर जबकि श्रमिक संगठनों का उद्देश्य यह है हो कि देश की शासन व्यवस्था को ठप्प कर दिया जाए ? उसको ठप्प होने दिया जाए तो सरक

ऐसी अवस्था को बैठी देखती रहे ? श्रमिक संगठन रहने चाहिये और प्रजातन्त्र में कोई भी सरकार श्रमिकों के कल्याण में उतनी ही इंटरेस्टिड होती है, उतना ही हिस्सा लेती है, उतनी ही दिलचस्पी लेती है जितनी कि सदन के दूसरे माननीय सदस्य या कोई और साथी लेना चाहते हैं । प्रजातन्त्र की सफलता के लिए यह जरूरी है कि सरकार का काम सुव्यवस्थित ढंग से चलता रहे, उसमें किसी तरह के रोड़े न अटकाये जायें, किसी तरह की रुकावट पैदा न हो । लेकिन हमारे दोस्तों का तो यह मंशा था जैसा कि अभी भाषणों में भी जाहिर किया गया है कि रेल कर्मचारियों की हड़ताल करवा कर शासन व्यवस्था को ठप्प किया जाये । अभी उन्होंने यह बताया है कि इटली में पहली दफा एक समाजवादी प्रधान मन्त्री को चुनने का मौका दिया गया है वहां पर 48 घंटे की हड़ताल करवा कर । क्या हमारे दोस्त भी यहां पर 24 घंटे की हड़ताल करवा कर ऐसा ही कुछ करना चाहते थे ?

हमारे देश में प्रजातन्त्र है और प्रजातन्त्र में सरकार बदलने का अधिकार केवल मात्र वोट के जरिये से ही लोगों को प्राप्त है । अगर इस तरह की हड़ताल के जरिये, इस तरह के प्रदर्शनों के जरिये देश के अन्दर अव्यवस्था पैदा करने की और देश का शासन व्यवस्था को ठप्प करने की, देश की शासन अपने हाथ में लेने की कुचेष्टा की जाए तो सरकार का यह फर्ज हो जाता है किसी भी जिम्मेदार और समझदार सरकार का यह फर्ज हो जाता है कि ऐसी कुचेष्टा को वह रोके इस कुचेष्टा को वह विफल करे । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इन लोगों की यह निश्चित योजना थी कि इस देश के प्रशासन को ठप्प कर दिया जाय । इनके द्वारा एक पोस्ट अखबार निकाला जाता है । इसके कुछ हिस्से पढ़ कर मैं उनकी तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं : इनका नारा क्या था ? मैंने इसको समझने की कोशिश की है और जैसा मैं इसे समझा हूं उस तरह से मैंने दूसरों को भी समझाने की कोशिश की है और यहां भी मैं करना चाहता हूं । इन लोगों ने जो नारा दिया पोस्ट अखबार के जरिये से वह काबिले गौर है । मैं इसको पढ़ कर आपको सुनाना चाहता हूं ।

POST, the journal of the All-India Postal Employees Union—Class III (CGS). में यह छपा था:

"The massive movement of the empoyees likely to take place on 19-9-68 will unleash powerful forces forcibly to shake them to their foundations and eject them from their ivory tower to grasp the realities. On the backs of the people they rose to power and when they are forcibly made to come down they will have an ignominious fall, a fall shattering their hypocrisy to smithereens."

मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो कुछ इसमें लिखा गया है, जो कुछ इन्होंने नारा दिया कि टेक फुल चार्ज आफ गवर्नमेंट्स प्रापर्टी एण्ड वैल्युएबल्ज क्या यह नारा पीसफुल स्ट्राइक का है, क्या इस नारे को देकर ये लोग राज्य को और शासन को कायम रखना चाहते थे, क्या ये शासन व्यवस्था को कायम रखना चाहते थे ? श्रमिकों का यह अधिकार है कि वे अपने कल्याण की बातें सोचें, उनको यह अधिकार है कि वे अपने अधिकारों के लिए लड़ें । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जब भी श्रमिक संगठनों के अन्दर इस तरह के प्रोफैशनल राजनीतिक नेता घुस जाते हैं या जब कभी श्रमिक संगठनों का नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथों में चला जाता है, जिनका धंधा राजनीति है और जो उनके वोट के आधार पर चुन कर आना चाहते हैं तो वे लोग श्रमिकों को गुमराह करना चाहते हैं, तब सरकार को मजबूर होकर ऐसे कानूनों

[श्री नवल किशोर शर्मा]

का सहारा लेना पड़ता है ताकि देश की सुरक्षा खतरे में न पड़े । यह परम आवश्यक था कि इस तरह का आर्डिनेंस सरकार द्वारा जारी किया जाए । ऐसा करके सरकार ने सही कदम उठाया । इसी आर्डिनेंस को यह सदन विधेयक का रूप देने जा रहा है । यह विधेयक अपने आप में एक महत्वपूर्ण विधेयक है ।

अध्यक्ष महोदय, इस विधेयक के द्वारा जहां पर सरकार उन रेल कर्मचारियों के कामों पर रोक लगाना चाहती है जो कि गैर कानूनी काम करना चाहते हैं, रेल के चक्के को जाम करना चाहते हैं, रेलवे में तथा देश में अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं, वहां यह कानून उन लोगों पर भी पाबन्दी लगाता है जो विद्यार्थियों के नाम पर, छात्रों के आन्दोलन के नाम पर या भाषा के नाम पर तथा दूसरे नामों पर इस देश में दंगे कराते रहते हैं । मेरे पूर्व वक्ताओं ने बहुत से ऐसे उदाहरण दिये हैं जिनसे यह पता चलता है कि इस देश में इन लोगों ने, इन दंगाइयों ने इस राष्ट्र की बहुत सी सम्पत्ति को, रेलवे की सम्पत्ति को कितना नुकसान पहुंचाया है । क्या यह सही है कि रेलवे के एक पैसेंजर को, रेलवे के ट्रैफिक को कोई भी आदमी भाषा के नाम पर या किसी राजनीतिक पहलू को लेकर उसके नाम पर या किसी दूसरे तरीके से हिंसा के जरिये से असुविधा पहुंचाये ? मैं आपका ध्यान रेलवे कानून की दफा 27 की तरफ दिलाना चाहता हूं । यह दफा कहती है कि किसी भी पैसेंजर को, किसी भी रेलवे ट्रफिक को बिना किसी रुकावट के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में रेलवे सुविधा प्रदान करेगी । अगर इस तरह से पिकिटिंग होती है, झगड़े होते हैं, रेलवे लाइन पर बैठ कर रेलों को चलने से रोका जाता है, जंगल के अन्दर बारह बजे रात ड्राइवर रेलवे को छोड़ कर खड़ा हो जाता है, तो क्या उसका यह कदम सही है और अगर सही नहीं है तो क्या इस धारा का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिये । अब यह 27 धारा साफ है तो सरकार का यह फ़र्ज हो जाता है कि जब इस प्रकार की असुविधा पैदा की जाती है और कानून की जिस धारा का मंशा खत्म करने की कोशिश की जाती है तो उसके बारे में मजीद सोच करके नए तरीके से उसको एमेंड करने की व्यवस्था वह करे ।

यह कानून केवल मात्र रेलवे के नौकरों के लिए नहीं है बल्कि उन सब लोगों के लिए है जो रेलवे व्यवस्था को भंग करना चाहते हैं, जो रेलों के सुचारु संचालन में रुकावट पैदा करना चाहते हैं । पिछले डेढ़ साल में हमारे देश में इस तरह की बहुत सी घटनायें हुई हैं और हम सब लोगों ने इन घटनाओं के प्रति चिन्ता प्रकट की है । ऐसी अवस्था में क्या यह हमारा फर्ज नहीं है कि हम उन चिन्ताओं के निराकरण के प्रयत्न करें ।

बहुत सी बातें यहां कही गई हैं । रेलवे लाज जो हैं, जो सर्विस रूल्ज हैं उनकी तरफ तवज्जह दिलाते हुए यह कहा गया है कि उन रूल्ज में पहले से ही इस तरह की व्यवस्थायें हैं । मैं इसको मानता हूं । लेकिन साधारण रेलवे एम्प्लायीज के अलावा दूसरे भी लोग ऐसे कामों को करते हैं और उनको रोकने के लिए ऐसी कोई व्यवस्था इस कानून में नहीं है । इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह विधेयक अपने आप में एक बहुत जरूरी विधेयक है ।

मैं आपके द्वारा सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि इस देश में श्रमिज व्यवस्था के बारे में हम को पुनर्विचार करना पड़ेगा । हमें सोचना होगा कि हमारे देश की श्रमिक व्यवस्था का जो ढांचा है क्या यह उसी तरह से उन पब्लिक अंडरटेकिंग्ज में भी चले जहां उन अंडरटेकिंग्ज की सरकार मालिक है, जिनका मालिक देश है, जो राष्ट्र की सम्पत्ति है, जिसका मास्टर देश का प्रत्येक नागरिक है, जिसमें काम करने वाले श्रमिक किसी प्राइवेट व्यक्ति के प्राफिट के लिए, उसके मुनाफे के

के लिए या किसी एक पूंजीपति के लिए काम नहीं करते हैं बल्कि वे राष्ट्र के लिए काम करते हैं ? हमारा फर्ज है कि हम ऐसे मजदूरों में, ऐसे लोगों के अन्दर जो राष्ट्र के लिए काम करते हैं ऐसी भावना पैदा करें जिससे वे राष्ट्र हित में चलने वाले इन कामों में रोड़े बनने के बजाय सहायक बन सकें । रेलवे हमारे देश का सबसे बड़ा पब्लिक अंडरटेकिंग है । हमारा फर्ज है कि इस अंडरटेकिंग के जरिये हम देश का उत्पादन बढ़ायें, देश की जनता को सुविधायें पहुंचाएं, उनके सुख दुख का ध्यान रखें । लेकिन अध्यक्ष महोदय, आप देखें कि राजस्थान में क्या हुआ । वहां ड्राउट की वजह से सैकड़ों हजारों लोगों का जीवन खतरे में है । वहां पर चारे की कमी है जिसकी वजह से गौ माताओं पर संकट आया हुआ है । लेकिन उस सब की परवाह रेलवे एम्प्लायीज ने नहीं की । ऐसे समय पर भी इन्होंने सोचा कि स्ट्राइक की जानी चाहिये अपने पेट के लिए, छोटी सी बातों के लिए स्ट्राइक पर जाना चाहिये और हजारों लोगों का अगर जीवन खतरे में भी है तो भी उनके जीवन की कोई परवाह नहीं की जानी चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय, यह एक ऐसा विधेयक है जिसका हम सब लोगों को समर्थन करना चाहिये । मैं इस विधेयक का तहेदिल से समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि यह सदन भी इसका समर्थन करेगा और इसको पास कर देगा ।

17.30 hrs.

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

MILITARY PREPARATIONS BY PAKISTAN

डा० सुशीला नायर (झांसी) : अध्यक्ष महोदय, अभी पिछले हफ्ते इस सदन के बहुत से सदस्यों ने पाकिस्तान की चौकसार फौजी तैयारियों के बारे में एक सवाल पूछा था । सुरक्षा मन्त्री ने उस सवाल का जो जवाब दिया, उससे हम लोगों को सन्तोष नहीं है । उन्होंने यह तो स्वीकार किया कि

> "Pakistan continues military activity of various kinds including construction of defence structures and conducting of training exercises across the border."

लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि

> "There is, however, nothing to indicate that there has been a significant increase in these activities recently."

अखबारों से हमें पता चलता है कि पाकिस्तान टर्की और यूरोप के कई देशों से सैकड़ों टैंक लाने की कोशिश कर रहा है और वह अमरीका रूस और यूरोप के देशों से सब तरह की युद्ध की सामग्री प्राप्त कर रहा है । क्या यह प्रवृत्ति इस बात की द्योतक नहीं है, क्या इससे अनुमान नहीं होता है कि पाकिस्तान अपनी फौजी तैयारियां बढ़ा रहा है ?

एक माननीय सदस्य ने उस दिन अयूब, साहब के भाषण में से एक उद्धरण दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि हिन्दुस्तानियों को समझना पड़ेगा कि पाकिस्तान के साथ शान्ति से रहना चाहिए । अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि हिन्दुस्तान तो हमेशा से पाकिस्तान के साथ, और सारे विश्व के साथ, शान्ति से रहना चाहता है, लेकिन इस दिशा में उसकी हर एक कोशिश के बावजूद अगर कोई हमारे साथ शैतानी करे, अगर हमारी आंख निकालने की कोशिश करे, तो शान्ति बनाए रखने के लिए हम उसे अपनी आंख तो नहीं निकलने दे सकते । चीन के साथ दोस्ती रखने के इरादे को सामने रखते हुए हमने पुराने जमाने में अपनी सुरक्षा की बहुत ज्यादा परवाह नहीं की और उस का हमें बहुत ज्यादा नुकसान हुआ । यह हमारी खुशकिस्मती थी कि जब पिछली दफा पाकिस्तान ने हमारे साथ